सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

दिनांक 18.09.2023

पत्रांकः प.नि.5944/23

नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत शास्त्री प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम के अनुसार सैद्धान्तिक व आन्तरिक मूल्यांकन तथा प्रायोगिक परीक्षा के लिए अत्यावश्यक–निर्देश अधोलिखित है–

1. शास्त्री प्रथम सेमेस्टर के अन्तर्गत अनिवार्य प्रथम पत्र, अनिवार्य द्वितीय पत्र, अनिवार्य तृतीय पत्र हिन्दी एवं चतुर्थ व पंचम पत्र, **शास्त्रीय विषय,** षष्ठ पत्र **आधुनिक वैकल्पिक विषय** तथा अष्टम पत्र **ऐच्छिक अंग्रेजी** एवं नवम् **अनिवार्य पर्यावरण अध्ययन** में 75 अंक **सैद्धान्तिक/लिखित** परीक्षा होगी।
2. शास्त्री सेमेस्टर के सप्तम पत्र **ऐच्छिक संगणक अनुप्रयोग** में 50 अंको की **सैद्धान्ति/लिखित** परीक्षा होगी।
3. शास्त्री प्रथम सेमेस्टर के प्रथमपत्र, द्वितीय पत्र, तृतीय पत्र एवं चतुर्थ पत्र व पंचम पत्र, षष्ठम् पत्र तथा अष्टम व नवम् पत्र में आन्तरिक मूल्यांकन 25(पच्चीस) अंक का होगा, जिसकी परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा। महविद्यालय अपने छात्रों की आन्तरिक मूल्यांकन का अंकचिट केन्द्राध्यक्ष को प्राप्त करायेंगे, जिसे केन्द्राध्यक्ष द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के साथ विश्वविद्यालय संकलन केन्द्र पर जमा कराया जाना अनिवार्य होगा।
4. शास्त्री प्रथम सेमेस्टर में षष्ठपत्र में विज्ञान अथवा गृहविज्ञान विषय वाले परीक्षार्थियों के लिए 10 (दस) अंको की आन्तरिक परीक्षा तथा 15(पन्द्रह) अंको की प्रायोगिक परीक्षा होगी। जिसमें आन्तरिक परीक्षा का मूल्यांकन महाविद्यालय द्वारा किया जायेगा तथा प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन परीक्षा–केन्द्र द्वारा पूर्व वर्षो की भांति किया जायेगा। विज्ञान व गृहविज्ञान के आन्तरिक व प्रायोगिक परीक्षा के लिए एक ही अंकचिट का प्रयोग होगा, जिसमें आन्तरिक तथा प्रायोगिक दोनों परीक्षाओं के प्राप्तांको के अंकन हेतु अलग–अलग कालम होगे। इस अलग प्रकार के अंकचिट का प्रारूप केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य को गोपनीय थैले प्राप्त करते समय अलग से दिया जायेगा।
5. षष्ठपत्र में विज्ञान व गृहविज्ञान के अतिरिक्त विषय वाले सभी छात्रों की 25(पच्चीस) अंकों की आन्तरिक परीक्षा की कार्यवाही क्रम सं. 3 पर वर्णित व्यवस्थानुसार की जायेगी।
6. शास्त्री प्रथम सेमेस्टर के सप्तमपत्र (ऐच्छिक)/संगणक अनुप्रयोग के लिए 50(पचांस) अंको की प्रायोगिक परीक्षा जो महाविद्यालय अपने स्तर से स्थानीय परीक्षकों से सम्पन्न कराकर, क्रम संख्या तीन के अनुसार अंकचिट विश्वविद्यालय संकलन केन्द्र पर जमा कराया जायेगा।
7. विश्वविद्यालय परिसर के छात्रों के शास्त्री प्रथम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षा सम्बन्धित विभागों में, विभागाध्यक्ष द्वारा उपर्युक्त प्रस्तरों में वर्णित व्यवस्थानुसार सम्पन्न करायी जायेगी।

उपर्युक्त निर्देश परीक्षा के निमित्त तत्काल प्रभावी किया जा रहा है, जिसके पश्चात यथा आवश्यक उत्तीर्णता आदि के लिए अन्य निर्देश भी दिये जायेंगे।

18.09.23

(प्रो. सुधाकर मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक
मो.नं. 9935409711

18/9/23